KING GEORGE'S MEDICAL UNIVERSITY UTTAR PRADESH LUCKNOW INDIA

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

कार्यालय, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।

Website : https://www.kgmu.org/deanStudentWelfare.php

Email dean.studentwelfare@kgmcindia.edu

पत्रांक सं०:– 543 / DSW / 2024

दिनॉक 12/06/2023

नोटिस

के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ में दिनांक 21 जून, 2024 को 10वें विश्व योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० द्वारा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ०प्र० लखनऊ में विश्व योग दिवस, 2024 हेतु वृहद एवं सफलतम आयोजन की रणनीति बनाकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के क्रम में मा० कुलपति जी, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में विश्वप्रसिद्ध सन्त श्री सद्गुरू महाराज जी की ''ईशा फाउण्डेशन'' द्वारा एक योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन निम्नवत किया जा रहा है :–

क्रम सं०	विवरण	स्थान	तिथि व समय
1	**"Yoga for Overall Well Being, Success in life & Stress Management"** - द्वारा *ईशा फाउण्डेशन*	कलाम सेन्टर भवन कक्ष संख्या–222	18.06.2024 प्रातः 6:00 से 7:00 बजे तक

उक्त योग प्रशिक्षण सत्र में "ईशा फाउण्डेशन" के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा इसमें प्रतिभाग करने वाले के०जी०एम०यू० के समस्त संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को योग के सरल तरीकों से अवगत कराते हुए ध्यान एवं योग के सूक्ष्म ज्ञान से परिचित कराया जायेगा, जिससे कि उन्हें जीवन में आने वाले विभिन्न प्रकार के तनावों से मुक्ति के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सकेगा।

अतएव उक्त के दृष्टिगत के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ के समस्त संकाय सदस्यों, अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ–साथ चिकित्सा संकाय/दन्त विज्ञान संकाय/नर्सिंग व पैरामेडिकल विज्ञान संकाय के समस्त छात्र–छात्राओं से ''ईशा फाउण्डेशन'' द्वारा आयोजित उक्त योग प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभाग किये जाने की अपेक्षा की जाती है।

12/06/2024

(प्रो० आर०ए०एस० कुशवाहा)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।

संख्या एवं दिनांक–तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त योग प्रशिक्षण में सभी को सम्मिलित होने हेतु पृथक से एक आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, शैक्षणिक/दन्त विज्ञान/नर्सिंग/पैरामेडिकल विज्ञान संकाय, के०जी०एम०यू०, लखनऊ।
3. चीफ प्रॉक्टर, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक, गांधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
6. डा० सुधीर सिंह, प्रभारी, मीडिया सेल, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
7. फैकल्टी इंचार्ज, कलाम सेन्टर भवन, के०जी०एम०यू० को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त तिथि व समय पर कलाम सेन्टर भवन कक्ष संख्या–222 खुलवाने का कष्ट करें।
8. चीफ प्रोवोस्ट/प्रोवोस्ट, समस्त छात्रावास, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ।
9. अधिशासी अधिकारी, रेडियो के०जी०एम०यू० गूंज, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त योग शिविर की कवरेज करने तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित करने एवं अपलोड करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
10. निजी सचिव, कुलपति, के०जी०एम०यू०, उ०प्र० लखनऊ को मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।